# नगरीय प्रशासन निदेशालय के सहायक निदेशक योगेन्द्र प्रसाद ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

## नगर पंचायत के विकास कार्य की समीक्षा

**राजधनवार.** नगरीय प्रशासन निदेशालय के सहायक निर्देशक योगेंद्र प्रसाद, प्रधानमंत्री आवास के विशेषज्ञ मीतू भारती, स्नेहा श्री, दीपक कुमार व बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय ने प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना व राष्ट्रीय आजीविका मिशन की प्रगति का निरीक्षण किया. श्री प्रसाद ने कहा कि धनवार नगर पंचायत में 129 आवास स्वीकृति है.
लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर कार्य शुरू
से मिलकर नक्शा दिया गया. भ्रमण के दौरान
शुरू कर दिया है. बीडीओ ने कर्मियों को ए
करने का निर्देश दिया. पदाधिकारियों ने स्वयं
के उपकरण आदि को देख इसकी सराहना क
की बात कही. मौके पर नगर प्रबंधक राम श्री
कुमार, अर्चना चौधरी, गौतम मंडल, प्रवीण

## पीएम आवास के लाभुकों की हफ्तेभर में करें जियो टैगिंग

### सहायक निदेशक ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

भास्कर न्यूज़ | राजधनवार

धनवार नगर पंचायत में विकास कार्य की समीक्षा को लेकर गुरुवार को नगरीय प्रशासन निदेशालय के सहायक निदेशक योगेंद्र प्रसाद, प्रधानमंत्री आवास के विशेषज्ञ मीतू भारती, स्नेहा श्री, दीपक कुमार, धनवार बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय द्वारा प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि धनवार नगर पंचायत में 129 आवास की स्वीकृति मिली है। उक्त लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर आवास कार्य को प्रारंभ करना है। इसे लेकर नगर क्षेत्र का गुरुवार को भ्रमण किया गया। जहां राजा टोला कई आवास के लाभुकों से मिलकर आवास निर्माण का नक्शा दिया गया। भ्रमण के दौरान देखा कि कुछ लोगों ने आवास कार्य प्रारंभ कर दिया है। बाकी लोगों को एक सप्ताह के अंदर नींव खोद कर कार्य प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं श्री पांडेय ने कर्मियों को एक सप्ताह के अंदर सभी आवास की जियो टैगिंग करने का निर्देश दिया है। इसके बाद नगर पंचायत से गठित स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए जा रहे बांस के उपकरणों, नेरुल नोफा आदि कार्यों का अवलोकन कर सराहना किये तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए कई जरूरी निर्देश भी दिया। उन्होंने प्रशिक्षित करने को लेकर विभाग के लोगों को भी कई निर्देश दिया। इस मौके पर नगर प्रबन्धक राम श्रीवास्तव, नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार, अर्चना चौधरी, एलटीसी गौतम मंडल, सुपरवाइजर परवीन शर्मा आदि कई लोग मौजूद थे।